# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे लम्बे समय तक लगातार निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बने। चार हजार तीन सौ निन्यानबे दिन का कार्यकाल पूरा कर श्री मोदी ने रचा इतिहास।
2. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विश्व के राष्ट्राध्यक्षों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है।
3. दक्षिण अंडमान जिला परिषद ने वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न स्थायी समितियों का गठन किया गया है।
4. भगवान बिरसा मुंडा के एक सौ छब्बीसवें बलिदान दिवस के अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार दो कार्यकाल तक सबसे लंबी अवधि में निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने पर बधाई दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान, सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति सम्मान व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड तोड़ कर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में आज चार हजार तीन सौ निन्यानबे दिन का कार्यकाल पूरा किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर देश की जनता का उनके नेतृत्व में अटूट विश्वास और भरोसे का प्रमाण है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने आर्थिक विकास, अवसंरचना विस्तार, सामाजिक सशक्तिकरण, तकनीकी उन्नति और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा में वृद्धि जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखी है। गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रियों ने इस

उपलब्धि पर प्रधानमंत्री को बधाई दी। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके खोए हुए आत्मसम्मान को बहाल करना प्रधानमंत्री की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

<><><><><><><>

इसके साथ ही अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी के साथ सभी कार्यकारणी सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और प्रधानमंत्री Narendra Modi के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर में प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और राष्ट्र की समृद्धि के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए की बैठक आज नई दिल्ली में होने जा रही है। इसमें सरकार के 12 वर्ष पूरे होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का जश्न मनाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ–साथ एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं की भी बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में एनडीए के शासन वाले सभी 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता भी उपस्थित रहेंगे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। श्री नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है।

<><><><><><><>

विश्व के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायका ने एक पत्र में कहा कि यह उपलब्धि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता द्वारा उनके नेतृत्व पर बार–बार जताए गए विश्वास का भी प्रमाण है। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी को आदर्श और नेतृत्व का उदाहरण बताया। त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला पर्सद–बिसेसर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मामलों में प्रखर आवाज के रूप में उभरा है। इटली की प्रधानमंत्री जोर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री की इस उपलब्धि पर बधाई दीं है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद ने वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न स्थायी समितियों का गठन कर दिया है। जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों में से विभिन्न समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इन समितियों के गठन का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना तथा विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर केंद्रित विचार–विमर्श सुनिश्चित करना है। जारी आदेश के अनुसार वित्त, कराधान एवं लेखा समिति की अध्यक्ष वी.के. मरियम बीबी को बनाया गया है। वहीं कार्य एवं विकास समिति के अध्यक्ष पी.ए. शर्फुद्दीन तथा जलापूर्ति एवं लोक निर्माण समिति के अध्यक्ष अब्दुल बशीर नियुक्त किए गए हैं। शिक्षा एवं सामाजिक न्याय समिति की अध्यक्षता प्रकाश अधिकारी करेंगे, जबकि लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्ष एम. रजनी को बनाया गया है। इन समितियों में विभिन्न निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो अपने–अपने क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर सुझाव देंगे तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे। जिला परिषद प्रशासन का मानना है कि स्थायी समितियों के गठन से विकास कार्यों में गति आएगी, निर्णय प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जलापूर्ति और आधारभूत संरचना से जुड़े मुद्दों के समाधान में सहायता मिलेगी।

<><><><><><><>

महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक तथा आदिवासी अस्मिता के प्रतीक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के एक सौ छब्बीसवें बलिदान दिवस के अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम के राज्य संगठन सचिव टी. श्रीहरि तथा राज्य सह संगठन सचिव संजय उरांव सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं से भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में जल, जंगल, जमीन, धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, निस्वार्थ सेवा, राष्ट्रभक्ति और जनजातीय समाज के कल्याण के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। अन्याय और शोषण के विरुद्ध उनका संघर्ष आज भी देश के करोड़ों लोगों को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा एक सशक्त, एकजुट और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लिया।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से तेरह जून को होने वाली रंगत मानसून मैराथन–2026 को स्थगित कर दिया गया है। अब यह मैराथन चार जुलाई को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मध्य अंडमान, रंगत के सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा दी गई है। प्रशासन के अनुसार मैराथन का समय और पुरस्कार संरचना पूर्ववत रहेगी। प्रतियोगिता में विद्यालयों के छात्र–छात्राएं, खिलाड़ी तथा आम नागरिक भाग ले सकेंगे। मैराथन के अंतर्गत पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर दौड़ तथा महिला वर्ग के लिए 5 किलोमीटर दौड़ आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>